संख्या- I/1277008/2026

प्रेषक,

मनीष कुमार सिंह
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

**नियुक्ति अनुभाग-3** **लखनऊः दिनांक - 23-03-2026**

**विषयः-** श्री जय भगवान श्री चन्द्रभान निवासी ग्राम बुवाड़ा खुर्द, डाकखाना खतौली, जिला मुजफ्फरनगर के शिकायती पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री जय भगवान श्री चन्द्रभान निवासी ग्राम बुवाड़ा खुर्द, डाकखाना खतौली, जिला मुजफ्फरनगर के शिकायती पत्र दिनांक 06-03-2026 एवं पुस्तक "अफसरशाही (एक अनसुना सच)' **(छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नोटराइज शपथ पत्र पर कतिपय आई०ए०एस० अधिकारियों व अन्य अधिकारियों आदि की गंभीर शिकायत की गई है। इन शिकायतों में मुख्यतः हस्तिनापुर वन्य जीव विहार की भूमि घोटाले, मुकदमें करने, गन्ने की फसल पर लूट, व अन्य प्रकृति आदि की शिकायतें की गई हैं।

2- इस सम्बन्ध में उक्त शिकायती पत्र दिनांक 06-03-2026 एवं पुस्तक "अफसरशाही (एक अनसुना सच)' को **मूलरूप में संलग्नकर** प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में तथ्यपरक रिपोर्ट (मय संगत अभिलेखादि सहित) अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित 15 दिवस के अन्दर कृपया शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक-यथोक्त।**

भवदीय,

Digitally signed by
MANISH KUMAR SINGH
Date: 23-03-2026
18:50:52

(मनीष कुमार सिंह )
अनु सचिव।